नीतिआयोग ने किया मूव हैक का शुभारंभ

संदर्भ

परिवहन और गतिशीलता 21वीं शताब्दी के नवाचार और आर्थिक विकास के संभावित चालकों के रूप में उभर कर सामने आई है। गतिशीलता संबंधी सेवाओं को वितरित करने के लिये तेज़ी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों और व्यावसायिक मॉडल में वैश्विक परिवहन क्षेत्र को बदलने की क्षमता है। गतिशीलता के भविष्य को देखते हुए नीतिआयोग ने वैश्विक गतिशीलता हैकथॉन- मूव हैक का शुभारंभ किया है।

'मूव हैक' के बारे में

- यह विश्व स्तर पर सबसे बड़े हैकथॉन में से एक होगा।
- मूव हैक में दस विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा और सिंगापुर तथा नई दिल्ली में अंतिम रूप से ऑनलाइन संचालित होगा।
- हैकथॉन को सिंगापुर सरकार के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा और इसका संचालन हैकर अर्थ द्वारा किया जाएगा।
- कार्यक्रम में PWC (PricewaterhouseCoopers) ज्ञान भागीदार और नेस्कॉम रणनीतिक साझेदार है।
- मूव हैक दुनिया का पहला मंच है जिसमें सार्वजनिक परिवहन, निजी परिवहन, सड़क सुरक्षा, बहुआयामी कनेक्टिविटी और शून्य उत्सर्जन वाहनों जैसी नए युग की परिवहन प्रौद्योगिकी को शामिल किया गया है।
- हैकथॉन दो स्तरों "जस्ट कोड इट" (प्रौद्योगिकी/उत्पाद/सॉफ्टवेयर और डेटा विश्लेषण में नवाचारों के माध्यम से समाधान) और "जस्ट साल्व इट" (अभिनव व्यावसायिक विचार या टिकाऊ समाधान) प्रौद्योगिकी पर संचालित किया जाएगा तथा इनके माध्यम से गतिशीलता के बुनियादी ढाँचे को बदलने पर विचार किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन

- मूव हैक में सभी देशो के नागरिक भाग ले सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन वाले शीर्ष तीस दल सिंगापुर की यात्रा करेंगे और इन्हें शीर्ष विशेषज्ञों के एक क्यूरेटेड समूह द्वारा सलाह दी जाएगी। इन दलों को आकृति सुधार, व्यापार व्यवहार्यता, तकनीकी समाधान और ग्राहक लक्ष्यीकरण/विपणन सहित कई मापदंडों पर सलाह दी जाएगी।
- इस कार्यक्रम के अंतिम दौर में सिंगापुर चरण के शीर्ष 20 दल भाग लेंगे।
- इसका मूल्यांकन एक ज्यूरी द्वारा किया जाएगा जिसमें विषय विशेषज्ञ, पूंजीपति, व्यापारिक नेता और सफल उद्यमी शामिल होंगे।
- हैकथॉन के लिये शीर्ष 10 विजेताओं को चुना जाएगा और इसमें 2 करोड़ से अधिक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

'मूव हैक' का उद्देश्य

- मूव हैक का उद्देश्य गतिशीलता से संबंधित समस्याओं के लिये अभिनव, गतिशील और मापनीय समाधान प्रदान करना है।

निष्कर्ष

- पैदल यात्री और व्यक्तिगत परिवहन से लेकर सार्वजनिक परिवहन और माल ढुलाई तक की गतिशीलता अत्यंत महत्वपूर्ण है। गतिशीलता ग्रामीण और शहरी जीवन को प्रभावित करती है। ऐसे में 'मूव हैक' से गतिशीलता संबंधी चुनौतियों के लिये अग्रणी और सरल समाधान उपलब्ध कराने तथा एकीकृत, अंतःस्थापित और आविष्कारशील वैश्विक समुदाय के लिये विकास का मार्ग मार्ग प्रशस्त करने की उम्मीद है।